# आयोजन

# गुरु पूर्णिमा केवल एक तिथि नहीं, गुरु ही मानव जीवन का आधार

**गोटेगांव।** स्थित धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम इस आषाढ़ पूर्णिमा पर धर्म, साधना और भक्ति का जीवंत केंद्र बन गया। द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वतीजी महाराज ने प्रथम भगवान शिव का विधिपूर्वक अभिषेक कर गुरु पूर्णिमा महोत्सव की शुरुआत की। गंगाजल, दूध, दही, मधु और पुष्पों से पूजित शिवलिंग पर मंत्रोच्चार के बीच हुआ यह अभिषेक श्रद्धालुओं के लिए आत्मिक आलोक का अनुभव रहा, भगवान शिव के पूजन के पश्चात शंकराचार्य जी महाराज ने वेदव्यास पूजन कर चार माह तक चलने वाले चातुर्मास व्रत का संकल्प लिया। यह व्रत त्याग, संयम, मौन और अध्ययन की महान परंपरा का प्रतीक है। चातुर्मास के इन दिनों में पूज्य शंकराचार्यजी परमहंसी गंगा आश्रम में ही प्रवास करेंगे और नियमित साधना, प्रवचन तथा गुरु परंपरा के अनुशीलन में रत रहेंगे।



### गुरु की समाधि पर श्रद्धांजलि

पूजनोपरांत पूज्य शंकराचार्य जी ने ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वतीजी महाराज की समाधि पर मौन नमन किया। गुरु-शिष्य की यह दुर्लभ परंपरा श्रद्धालुओं के लिए भावनात्मक क्षण बन गई। बहुत से भक्तों की आंखें उस पल नम थीं। मुख्य रूप से ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी महाराज एवं इस अवसर पर देश के विभिन्न भागों से दंडी स्वामी सन्यासी भी आश्रम पहुंचे। शास्त्रवेताओं, वैराग्य ध्वजाओं और गुरु-शिष्य परंपरा के प्रतीकों की यह उपस्थिति संन्यास परंपरा की शुद्धता और गरिमा को जीवंत करती रही। कई श्रद्धालुओं ने पहली बार इतनी संख्या में दंडी संन्यासियों का साक्षात दर्शन कर भावविभोर अनुभव किया।

### ब्रह्मचारी सुबुद्धानंदजी महाराज

गुरु पूर्णिमा केवल एक तिथि नहीं, आत्मा के जागरण का वह क्षण है जहाँ शिष्य अपने अस्तित्व को गुरुचरणों में अर्पित कर देता है। परमहंसी गंगा आश्रम की यह भूमि, ब्रह्मलीन पूज्यपाद जगद्गुरु स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की तपस्थली रही है, और आज उनके परम शिष्य पूज्य शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के सान्निध्य में जब भगवान शिव का अभिषेक, वेदव्यास पूजन और चातुर्मास व्रत का संकल्प संपन्न हुआ ङ्क तब यह भूमि केवल आश्रम नहीं, एक जीवंत तपोवन बन गई।

### श्रद्धालुओं ने बांटे अपने अनुभव

हमने कई बार गुरु पूर्णिमा मनाई है, लेकिन आज पहली बार गुरु, व्यास और शिव ङ्क तीनों का एक साथ ऐसा दर्शन हुआ। यह केवल उत्सव नहीं, आत्मा की पुकार का उत्तर था। राधिका जी, कटनी की साधिका बोलीं शंकराचार्य जी की शिव पूजा देख मन स्थिर हो गया। समाधि पर उनका मौन नमन देखकर मेरा रोम-रोम कांप उठा ङ्क यही है असली श्रद्धा। राजेश सोनी, गोटेगांव निवासी श्रद्धालु बोले: हम भाग्यशाली हैं कि ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज गोटेगांव जैसे छोटे से नगर में परमहंसी गंगा आश्रम को बनाया और यहीं पर समाधि ली वहीं पर आज द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य जी महाराज का चातुर्मास हो रहा है। यह बड़े गौरव की बात है वही दंडी संन्यासियों का सान्निध्य मिलना भी दुर्लभ है।

### भंडारे का आयोजन

पूजन के पश्चात आश्रम परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में भक्ति और सेवा का अनुपम समन्वय देखने को मिला। यह दिन केवल पूजन का नहीं था - यह सनातन परंपरा की पुनर्स्मृति थी। शिव की पूजा से लेकर वेदव्यास पूजन तक, और गुरु की समाधि पर मौन वंदन से लेकर दंडी संन्यासियों के सान्निध्य तक ङ्क यह आयोजन एक ऐसी कथा बन गया, जो वर्षों तक गोटेगांव की भूमि पर गूंजता रहेगा।

## श्रीदेव मुरलीधर विद्यालय में मनाई गुरु पूर्णिमा

**गोटेगांव** गुरु पूर्णिमा का त्यौहार हमारे जीवन में गुरु की महत्ता को दर्शाता है यह दिन ज्ञान मार्गदर्शन और आशीर्वाद का प्रतीक है अपने गुरुओं को सम्मानित करने और उनकी कृपा के प्रति आभार व्यक्त करने का ये सर्वोत्तम मौका होता है इसी क्रम में आज श्रीदेव मुरलीधर विद्यालय में गुरु पूर्णिमा का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें ज्ञान की देवी मां सरस्वती जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वतीजी महाराजजी एवं आचार्य विद्यासागरजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके पश्चात विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा संस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई एवं गुरु के महत्व को विद्यार्थियों द्वारा बताया गया । इस अवसर पर बाल शिक्षा समिति सचिव बी.डी सोनी कोषाध्यक्ष शिवाजीत ताम्रकार सहसचिव आनंद अग्रवाल संस्था प्राचार्य शिव शंकर पाठक, उप प्राचार्य संदीप जैन प्रधान पाठक संदीप वर्मा प्रधान पाठक दीपक कुशवाहा सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राएं की

## गुरु ही मानव जीवन के आधार प्रबंध नियंता और मार्गदर्शक होते हैं

**तेंदूखेड़ा।** पुराण महाभारत और अनेकों शास्त्रों के रचयिता महर्षि वेदव्यास के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला व्यास पूर्णिमा को पूरे भारत में गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। सनातन की महत्वपूर्ण गुरु शिष्य परम्परा को अक्षुण्ण और जीवन्त बनाये रखने वाले पर्व पर शिष्यों ने अपने अपने गुरुओं के यहां पहुंच कर पूजन अर्चन किया।इस मौके पर पौरोहित्य कर्मकाण्ड स्नातक आचार्य चतुष्टय प्रमोद पचौरी ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि गुरु हमारे जीवन के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। मनुष्यों में



व्याप्त अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करके ज्ञान रूपी प्रकाश से मानव जीवन को प्रकाशित करने वाले एकमात्र गुरु ही होते हैं। जीवन की उलझनों को दूर करके सुलझे हुए व्यक्तित्व के साथ आत्मबल मनोबल वृद्धि विवेक ज्ञान-चेतना आध्यात्म प्रगति और आत्मशक्ति को प्रदान करके धर्म अर्थ काम और मोक्ष आदि पुरुषार्थ चतुष्टय को प्रदान करने वाले एकमात्र गुरु ही होते हैं। हमारी ऋषि परम्परा में गुरु को ब्रह्मा विष्णु और महेश से भी ऊपर माना जाता है। सद्गुरु मानव जीवन का एकमात्र आधार और प्रबंध होने के साथ एक नियंता का कार्य करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति की सफलता के पीछे एक अच्छे गुरु का वरद हस्त होता है।



## संस्कार भारती स्कूल में मनाई गई गुरु पूर्णिमा, छात्रों ने किया गुरुओं का सम्मान

**गोटेगांव।** विगतदिवस संस्कार भारती कैलाश नाथ तिवारी पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया, कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित और सरस्वती वंदना से हुई विद्यार्थियों ने अपने-अपने शिक्षकों को तिलक रोरी लगाकर पुष्प अर्पित कर पैर छूकर इनका आशीर्वाद लिया, तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई जिसमें भजन कविता पाठ नाटिका के माध्यम से गुरु की महिमा का वर्णन किया गया साथ ही साथ विद्यार्थियों ने गुरु गोविंद दोउ खड़े जैसे दोहों का मनोभावपूर्ण पाठ किया और गुरु की महिमा का वर्णन किया एवं छात्रों में हर्ष और उल्लास दिखा, वहीं प्राचार्य उर्मिल सोनपाली ने गुरु की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही वह दीप है।



## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

**तेंदूखेड़ा।** गुरु पूर्णिमा पर्व पर ब्रह्माकुमारी संस्थान के भाई बहनों ने ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी का पुष्प गुच्छ व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया । दीदी जी ने गुरु पूर्णिमा का आध्यात्मिक रहस्य बतलाते हुआ कहा कि गुरु अर्थात गुरर को खत्म करने वाला। जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला हो। अर्थात अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने वाला हो। पूर्णिमा अर्थात पूरण माँ जो हमे पूर्णता की ओर ले जाने वाला हो।वह सच्चा सतगुरु परमात्मा ही है जो हमारी बुराई को निकाल देवत्व की ओर ले जाने आते है। आदि देव ब्रह्मा के तन में प्रविष्ट होकर वह सतगुरु का रोल भी अदा करते है। सच्चा सतगुरू सिर्फ एक ही परमात्मा है। बाकी सब गुरु है।गुरु पुर्णिमा पर गुरु को दान भी दिया जाता है।



## नगर में धूमधाम से निकली सांईबाबा की पालकी

**तेंदूखेड़ा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर में विविध आयोजन संपन्न हुये वहीं मनकेडी वालों के कारखाने में विराजमान सांईबाबा का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्रत्येक वर्ष के अनुसार इस भी सांई मंदिर में सुबह से हवन पूजन भंडारा का आयोजन किया गया तथा दोपहर को नगर के मध्य एक विशाल पालकी शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सांईबाबा की जीवंत झांकी भगवान शिव पार्वती और गणों का नृत्य नगर में जनाकर्षण का केंद्र बना रहा। जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर शोभायात्रा में चार चांद लगाये। रात्रि में भजन संध्या का आयोजन स्थानीय गायकों द्वारा किया गया।

## दादाजी धुनी वालों की नगरी में उत्साह से मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव

साईंखेड़ा गुरु पूर्णिमा उत्सव पर दादाजी की धुनी एवं मंदिर पर सुबह से ही भारी संख्या में भक्तों की तादाद रही, गुरु पूर्णिमा के दिन दादाजी का दिन में चार बार अभिषेक पूजन अर्चन होता है तथा स्थानीय समिति द्वारा लगभग 21 कुंटल गेंहू के आंटे के टिक्कड और चने की भाजी का भोग लगाया गया, बैतूल पांढुर्णा एवं आसपास के ग्रामीण एवं नगरी क्षेत्र से आए भक्त गणों एवं नगर के धर्म प्रेमी जनों द्वारा दादाजी की धूनी पर ध्वज चढ़ाया तथा नगर के मार्गो पर जगह जगह विशाल भंडारो का आयोजन किया गया । साथ ही पुलिस प्रशासन ने भी पूरी मुस्तादी के साथ यातायात व्यवस्था तथा



भक्तगणों के जन सैलाब को व्यवस्थित किया तथा नगर परिषद द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था पर ध्यान रखते हुए भंडारों द्वारा निकलने वाले कचरे का उचित संधारण किया । गुरु पूर्णिमा के दिन पूरा नगर साईं खेड़ा भक्ति में नजर आया। आपको बता दें आजदादाजी धूनीवाले, जिन्हें बड़े दादाजी के नाम से भी जाना जाता है, एक महान संत थे जो भगवान शिव और दत्तात्रेय के अवतार माने जाते हैं. उनका जन्म मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के साईंखेड़ा गांव में हुआ था. वे अपनी पवित्र अग्नि (धूनी) के सामने ध्यानमग्न होकर बैठते थे, इसलिए उन्हें धूनीवाले दादाजी कहा जाता है. कुछ लोगों का मानना है कि वे एक पेड़ से प्रकट हुए थे.दादाजी अपने भक्तों के बीच अपने चमत्कारों के लिए प्रसिद्ध हैं, जैसे कि चने को सोने में बदलना, भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करना, और मुसीबत में फंसे लोगों की मदद करना.उन्होंने 1930 में मार्गशीर्ष माह में खंडवा में समाधि ली, जहां आज भी उनका समाधि स्थल है.उनके भक्त मानते हैं कि दादाजी आज भी अपनी धूनी में तपस्या कर रहे हैं और श्रद्धा से आने वालों की मदद करते हैं ।

## फूलों का भव्य हार पहनाकर शंकराचार्य का अभिनंदन किया

**गोटेगांव।** विगतदिवस गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर धार्मिक स्थल झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम स्थित अति सुंदर अति भव्य अति दिव्य आध्यात्म की ऊर्जा से ओत प्रोत समाधि मंदिर के नजदीक गोटेगांव सहित संपूर्ण आसपास क्षेत्र के अनेक नागरिकों ने परम पूज्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी श्री




सदानंद सरस्वतीजी का शंकराचार्य शिष्य मंडल गोटेगांव द्वारा अति सुंदर भव्य फूलों का हार माल्यार्पण कर पगड़ी पहनाकर श्री चरणों का आशीर्वाद लिया ! इस अवसर पर शेखर खरया अजीत खरया नीरज पंकज अमित यस शुभ कान्हा खरया सत्य प्रकाश अग्रवाल आनंद अग्रवाल रत्नेश राजपूत धर्मचंद गुप्ता बी.डी सोनी रामनारायण पटेल सहित अनेक भक्त परिवार सहित उपस्थित हुए।

## एक नजर में



### सानिया मिर्जा को नगद राशि से किया पुरस्कृत

**गोटेगांव।** बीते दिनों 10वीं 12वीं के परिणाम घोषित हुए थे जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट नंबर लाकर अपने माता-पिता एवं स्कूल व नगर सहित जिले को गोरवान्वित किया था इसी क्रम में गोटेगांव निवासी ऑटो संचालक जनाब सलीम मिर्जा साहब की सुपुत्री सानिया मिर्जा ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 98% अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था जिससे नगर की मुस्लिम समाज गौरवान्वित हुई थी जिसे आज गोटेगांव नगर मुस्लिम समुदाय ने बेटी सानिया मिर्जा को 16200 की नगद राशि से पुरस्कृत कर उनके माता-पिता को फूल माला पहनकर सम्मान किया गया, साथ ही समाज के सभी बड़े बुजुर्गों ने बेटी को शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की, सम्मान राशि देने वाले जामा मस्जिद के अध्यक्ष जनाब हाजी अब्दुल रज्जाक साहब मकसूद खान समीर मेडिकल स्टोर शौकत सेठ केजीएन ट्रेडर्स मोहम्मद मजिद खान सोनू हाजी का विशेष योगदान रहा इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ समाजसेवी जनाब मोहम्मद सईद मालगुजार सदर रज़ा दरबार मस्जिद कमेटी डॉक्टर अहमद वहीद खान सहित मुस्लिम समुदाय के अन्य लोग उपस्थित थे।



### सामाजिक विज्ञान कक्षा 6 वीं, विषय आधारित 2 दिवसीय प्रशिक्षण

**नरसिंहपुर।** विकासखंड नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर, शासन के निर्देशानुसार एवं बी आर सी श्री ओ पी राय, बी ए सी, श्री ब्रजेश नेमा, श्री विनोद झारिया के मार्गदर्शन में सामाजिक विज्ञान का अध्यापन कराने वाले 87 शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण 9 जुलाई 2025 से आज 10 जुलाई 2025 तक जनपद शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर में आयोजित किया गया, जिसमें राज्य से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर भगवत सिंह साहू एवं नागेंद्र श्रीवास्तव द्वारा विकासखंड के समस्त शिक्षकों को नवीन शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्य चर्या 2023 के अनुसार सामाजिक विज्ञान शिक्षण की शिक्षण विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं नयी पुस्तक में जो बदलाव हुये हैं उनसे रूबरू कराया, प्रशिक्षण में सभी शिक्षकों की सहभागिता रही। बी आर सी ओ पी राय द्वारा प्रशिक्षण का महत्त्व एवं आवश्यता के बारे में प्रशिक्षणार्थियो को बताया गया, प्रशिक्षण प्राप्त करने आये सभी शिक्षकों ने अपने अनुभव साँझा किए, अंतिम दिवस सभी शिक्षकों द्वारा पाठ्ययोजनायों का रोचक प्रस्तुतीकरण किया।

## जिले में अब तक 20.60 इंच वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंहपुर जिले में एक जून से 10 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 523.2 मिमी अर्थात 20.60 इंच वर्षा दर्ज की गई है। 10 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 33.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 17 मिमी, गाडरवारा में 40 मिमी, गोटेगांव में 54 मिमी, करेली में 18 मिमी और तेंदूखे ?ा में 37 मिमी वर्षा आंकी गई है। 10 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 523 मिमी, गाडरवारा में 624, गोटेगांव में 477 मिमी, करेली में 494 मिमी और तेंदूखे ?ा में 498 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 166 मिमी अर्थात 6.56 इंच वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 126 मिमी, गाडरवारा में 218 मिमी, गोटेगांव में 221 मिमी, करेली में 94 और तेन्दूखेड़ा में 174 मिमी वर्षा हुई थी।

## लेडी नदी पुल पर कीचड़ ही कीचड़, फिसलकर गिर रहे वाहन चालक

**गाडरवारा।** जहां एक ओर लोगों को अच्छी सुविधाए देने के लिए जहां तहां सड़को का निर्माण हो रहा है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि पूर्व की बनी हुई सड़क जहां बदहाल स्थिति में पहुंचने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसकी ओर न तो क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे है और न ही संबंधित विभाग के अधिकारी। इस बात की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत ग्राम सडूमर से कौड़ियां मार्ग पर देखने मिल रही है। बताया जाता है कि इस मार्ग पर सड़क का निर्माण कुछ समय पहले ही हुआ था और चंद दिनों में टूटना शुरू हो चुकी सड़क अपनी गुणवत्ता की कहानी कहने से नही चूक रही है। इतना ही नही इस मार्ग पर ग्राम महगंवा व चिर्रिया के बीच पड़ने वाली लेडी नदी पुल एवं सड़क मार्ग पर कीचड़ ही कीचड़ होने के कारण यहां से आने जाने वाले दो पहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे है और घायल



हो रहे है। इस संबंध में क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस प्रकार से बदहाल हो रही सड़क नदी के पुल पर हो रही कीचड़ के चलते दिन में तो वाहन चालक जैसे तैसे पुल पार करके निकल जाते है, लेकिन रात्रिकालीन समय अधिकांश घटनाएं होती है,इस मार्ग से प्रतिदिन सडूमर, कौड़िया, सुपारी, देगुंवा, तिगवां, मंहगवा, नया गांव आदि ग्रामों के लोगों का आना जाना लगा रहता है, इसके आलवा क्षेत्र के छात्र छात्राओं द्वारा भी कौड़िया या गाडरवारा शिक्षा ग्रहण करने के लिए इसी मार्ग से आना जाना करते है जिनको यहां की नदी के पुल पर फैले हुए कीचड़ के साम्राज्य के चलते परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा हैड़ अत~ क्षेत्र के लोगों द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ साथ संबंधित अधिकारियों से सड़स सुधार के साथ साथ पुल की मिट्टी हटवाये जाने की मांग की गई है।

## बारिश के कारण गरीबों के कच्चे मकान गिर रहे

**गाडरवारा।** भले ही सरकार द्वारा गरीबों को पक्के आवास बनाकर दिये जा रहे है। मगर इसके बाद भी नगर में इस तरह के अनेक गरीब देखने मिल सकते है जिन्हें इस योजना का लाभ नही मिलने के कारण वह अपने कच्चे मकानों में रहते हुये जीवन यापन करने के लिये मजबूर होने के साथ हर साल बारिश का दौर शुरू होते हुये अपनी जिन्दगी को दांव पर लगाने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। क्योंकि बीते हुये एक सप्ताह से लगातार चल रहे बारिश के कारण गरीबों के कच्चे मकान गिरने की शुरूआत हो चुकी है। इस बात की सच्चाई नगर के महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड में देखने मिली है। जहां पर बताया जाता है कि बीते हुये सोमवार मंगलवार की दरम्यानी रात हुई तेज बारिश के चलते उमा बाई कुर्मी पति मदन लाल कुर्मी का कच्चा मकान गिरने



के कारण घर के अंदर रखी हुई जरूरी सामग्री खराब होने से नही बच पाई है। वह तो अच्छा हुआ कि यह घटना दिन के समय घटित हुई। यदि रात के समय घटित हुई होती तो निश्चित तौर परिवारजनों की जिन्दगी खतरे में पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता था। इस तरह बारिश के चलते गरीब का मकान करने के कारण प्रशासन सहित नगर पालिका के अधिकारियों से मदद की गुहार लगाई जा रही है।

## विज्ञान के शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**तेंदूखेड़ा।** छात्रों की विविध आवश्यकताओं को समझने और उन्हें पूरा करने के उद्देश्य से सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान पढ़ाने वाले शिक्षकों का विकास खंड स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा रखा गया। इस अवसर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक ने शिक्षकों को यह प्रशिक्षण नवीनतम शिक्षण विधियों और पाठ्यक्रम सामग्री के बारे में जानकारी प्रदान करने के साथ ही उन्हें अपने छात्रों को प्रभावी ढंग से पढ़ाने में मदद मिलेगी। आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कक्षा 6 से 8 वी तक के शिक्षकों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संकुल प्राचार्य के पी साइलवार ने शिक्षकों को सामाजिक विज्ञान की अवधारणा इसके विभिन्न विषयों इतिहास भूगोल राजनीति विज्ञान अर्थशास्त्र आदि और छात्रों के समग्र विकास में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी देते हुए कहा किशिक्षकों को विभिन्न शिक्षण विधियों जैसे कि कहानी सुनाना भूमिका निभाना क्षेत्र भ्रमण परियोजना आधारित शिक्षा और चर्चा आधारित शिक्षण के बारे में प्रशिक्षण दिया जायेगा। शिक्षक राजेश सेन ने शिक्षकों को वर्तमान पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी और उन्हें छात्रों के सीखने के स्तर का आकलन करने के लिए प्रभावी रणनीतियों के बारे मे बताया। मास्टर ट्रेनर ध्यान सिंह कौरव एव ताराचंद चौधरी ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों को छात्रों की विविध आवश्यकताओं को समझने और उन्हें पूरा करने में मदद करेगा। यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। जो उन्हें अपने छात्रों को बेहतर ढंग से पढ़ाने और उन्हें सामाजिक विज्ञान में सफल होने में मदद करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करेगा।इस अवसर पर वीईओ पंचम सिंह मरावी वरिष्ठ शिक्षक पी के खान सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर 2200 रुपए की वसूली कर चालानी कार्यवाही

**गोटेगांव।** विगत दिवस केंद्रीय पर्यावरण वन ओर जलवायु मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 6 जुलाई 2022 को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 का ओर संशोधन करने के लिए प्रारूप नियम अधिसूचना 18 जनवरी 2022 द्वारा भारत के राजपत्र असाधारण भाग खंड 3, उप - खंड 1 मे तरीख 18 जनवरी 2022 को प्रकाशित की गई है मुख्य नगर पालिका अधिकारी सत्येंद्र शालवार के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र के फल,सब्जी,किराना, चाय,होटल ,मिष्ठान भंडार आदि दुकान पर चालानी कार्रवाई में दो हजार दो सौ रूपये की बसूली कर नगर पालिका टीम के द्वारा कार्यवाही की, नगर पालिका टीम में कार्रवाई के दौरान सुनील भनारे विकास राजपूत रमेश रावत धनीराम पटेल कमलकांत सिलवाट संजय चांदोलिया दीपक श्रीवास्तव अर्पित पटेल समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे ।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद करेली, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)**
(Main Road, Kareli, Phone : 07793-270046 Email : cmokareli@mpurban.gov.in)

पत्र क्र.1404/ई-टेण्डर/2025-26 | **निविदा सूचना** | करेली, दिनांक : 08/07/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_413881_2 09/07/2025 | नगर पालिका परिषद करेली के लिये वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निर्माण सामग्री प्रदाय कार्य।(**द्वितीय आमंत्रण**) | 08 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 19.07.2025 |
| 2. | 2025_UAD_435451_1 09/07/2025 | नगर पालिका परिषद करेली के लिये वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु किराये पर मशीनरी उपलब्ध कराने का कार्य। | 08 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 25.07.2025 |
| 3. | 2025_UAD_435452_1 09/07/2025 | नगर पालिका परिषद करेली के लिये वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु किराये पर टेन्ट सामग्री प्रदाय कार्य। | 08 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 25.07.2025 |
| 4. | 2025_UAD_435453_1 09/07/2025 | नगर पालिका परिषद करेली के लिये वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु लेखन/पेंटिंग कार्य/पुताई कार्य आदि की सेवा प्रदाय कार्य। | 08 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 25.07.2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद, करेली**